# सीजन की पहली झमाझम बारिश से तरबतर हुआ विदिशा

- ढाई घंटे की तेज बारिश से सड़कों पर पानी ही पानी
- कई इलाकों में जलभराव; किसानों के चेहरे खिले

नवभारत न्यूज

**विदिशा 2 जुलाई, गुरुवार शाम करीब 4.30 बजे शुरू हुई झमाझम बारिश ने पूरे शहर को तरबतर कर दिया. लगभग 6.45 बजे तक लगातार हुई तेज बारिश इस मानसून सीजन की पहली जोरदार बारिश साबित हुई. एक ओर जहां बारिश ने भीषण उमस और गर्मी से लोगों को राहत दी, वहीं किसानों के लिए भी यह बारिश संजीवनी बनकर आई. दूसरी ओर नगर की जल निकासी व्यवस्था की पोल खुल गई और कई प्रमुख इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई.**

लगातार हुई बारिश के चलते शहर की कई प्रमुख सड़कें पानी से लबालब हो गईं.डंडापुरा, कागदीपुरा, सिंधी कॉलोनी, माधवगंज, अंडर ब्रिज, पुरानी गल्ला मंडी, पेढ़ी चौराहा, शिवाजी चौक, तलैया मोहल्ला, राजीव नगर, नगर पालिका कार्यालय परिसर और नदीपुरा सहित अनेक क्षेत्रों में पानी भर गया. कई जगह सड़कें तालाब जैसी दिखाई देने लगीं, जिससे दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा.

### बिजली व्यवस्था भी हुई प्रभावित

बारिश का सबसे अधिक असर एमएलबी गर्ल्स स्कूल और एक्सीलेंस स्कूल परिसर में देखने को मिला, जहां परिसर में पानी भर गया. स्कूल के मैदान और आसपास का क्षेत्र जलमग्न हो गया. स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के दौरान यहां जलभराव की समस्या सामने आती है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो सका है. तेज बारिश के साथ कई क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था भी प्रभावित हुई। एहतियात के तौर पर कुछ स्थानों पर बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई, जबकि कुछ इलाकों में तकनीकी खराबी के कारण बिजली गुल रही. इससे लोगों को शाम के समय अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ा. बिजली विभाग की टीमें फॉल्ट सुधारने में जुटी रहीं .लंबे समय से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के लिए यह बारिश राहत लेकर आई. खेतों में नमी आने से खरीफ फसलों की बुवाई और अंकुरण के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन गई हैं.

> बारिश के बाद मौसम पूरी तरह बदल गया। तापमान में गिरावट दर्ज की गई और कई दिनों से परेशान कर रही उमस से लोगों को राहत मिली. शाम के समय मौसम सुहावना हो गया और लोग घरों से निकलकर बारिश का आनंद लेते दिखाई दिए. बच्चों ने भी बारिश में जमकर मस्ती की. सीजन की पहली ही तेज बारिश ने शहर की जल निकासी व्यवस्था की कमजोरियों को सामने ला दिया। कई प्रमुख मार्गों पर जलभराव के कारण यातायात प्रभावित हुआ और लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हर साल बारिश में यही हालात बनते हैं, लेकिन नालों की समय पर सफाई और स्थायी ड्रेनेज व्यवस्था पर अब तक प्रभावी काम नहीं हो पाया है .अब शहरवासियों की निगाहें नगर पालिका पर हैं कि पहली बारिश से मिले संकेतों के बाद जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं, ताकि आगामी बारिश में लोगों को ऐसी परेशानियों का सामना न करना पड़े.

## हर नागरिक तक पहुंचे पर्याप्त पानी : कलेक्टर

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के ने जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल निगम द्वारा संचालित पेयजल योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी नागरिक को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े. विकास कार्यों के दौरान यदि पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होती है तो उसकी तत्काल मरम्मत सुनिश्चित की जाए तथा शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पूर्ण हो चुकी सभी परियोजनाओं का ट्रायल रन कर हैंडओवर किया जाए, निर्माणाधीन कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए तथा लंबित परियोजनाओं में तेजी लाकर शीघ्र पूर्ण किया जाए.

# विवाद में बेटे ने मां के साथ मिलकर की पिता की हत्या

**पुलिस ने माँ-बेटे दोनों को किया गिरफ्तार**

**हत्या छिपाने शव को नदी के सूखे हिस्से में छिपा दिया**

नवभारत न्यूज

**आमला, 2 जुलाई. पुलिस ने कुड़मुड नदी के पास मिले अज्ञात शव के मामले का खुलासा करते हुए हत्याकांड का पर्दाफाश किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि खेती करने और पैसों को लेकर चल रहे विवाद के कारण बेटे ने अपनी मां के साथ मिलकर पिता की गला घोंटकर हत्या कर दी।**

हत्या के बाद शव को नदी के सूखे हिस्से में छिपा दिया गया और पुलिस को गुमराह करने के लिए मां ने पति की झूठी गुमशुदगी भी दर्ज करा दी।पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेन्द्र जैन के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे एवं एसडीओपी आमला के मार्गदर्शन में थाना आमला पुलिस ने मामले की वैज्ञानिक तरीके से जांच की। 25 जून को आमला क्षेत्र की कुड़मुड नदी की सूखी पुलिया के पास एक अज्ञात शव मिला था। बाद में उसकी पहचान ग्राम शंभुढाना बड़ाखारी निवासी लब्बू यादव के रूप में हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण गला घोंटना पाए जाने के बाद पुलिस ने हत्या के एंगल से जांच शुरू की।

**माँ-बेटे ने ही रची थी हत्या की साजिश :** जांच में पता चला कि मृतक का पुत्र संदीप यादव खेती करने, खर्च के लिए पैसे नहीं मिलने तथा घरेलू विवादों को लेकर अपने पिता से नाराज था। आरोप है कि उसने अपनी मां सुनीता यादव के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई। 22-23 जून की दरम्यानी रात रेलवे स्टेशन से लौटते समय संदीप ने गमछे से पिता का गला घोंट दिया और शव को कुड़मुड नदी के सूखे हिस्से में ले जाकर छिपा दिया।

### इन धाराओं में अपराध पंजीबद्ध

साक्ष्यों के आधार पर थाना आमला में अपराध क्रमांक 277/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1), 238(ए) एवं 3(5) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आरोपी मां-बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।इस अंधे हत्याकांड के खुलासे में थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश ठाकुर के नेतृत्व में उपनिरीक्षक बलराम यादव, सहायक उपनिरीक्षक मूलचंद अनंत तथा थाना आमला की पुलिस टीम ने वैज्ञानिक जांच, साक्ष्यों के सूक्ष्म विश्लेषण और गहन विवेचना के आधार पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद

नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 2 जुलाई. थाना शाहगढ़ पुलिस ने त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए चोरी की गई मोटरसाइकिल को 24 घंटे के भीतर बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया.**

फरियादी कब्बी उर्फ हरिशंकर ताम्रकार ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उन्होंने अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को रात्रि में अपने घर के बाहर लॉक कर खड़ा किया था. अगले दिन सुबह उठकर देखा तो मोटरसाइकिल वहां नहीं थी. किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा वाहन चोरी कर लिया गया था. फरियादी की रिपोर्ट पर थाना शाहगढ़ में अपराध कायम किया था.

# पक्की सड़क को तरस रहे कटाखेड़ा के आदिवासी

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। सरकारें भले ही आदिवासी विकास के बड़े-बड़े दावे करें, लेकिन जमीनी हकीकत आज भी बेहद पथरीली है। चन्देरी जनपद की ग्राम पंचायत खागल दुधराई का आदिवासी बाहुल्य गांव कटाखेड़ा आज के डिजिटल युग में भी एक अदद पक्की सड़क के लिए तरस रहा है।**

करीब एक वर्ष पहले प्रधानमंत्री जनमन ग्रामीण सड़क योजना के तहत इस सड़क का टेंडर यादव ट्रेडर्स के नाम खुला था, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही और ठेकेदार की मनमानी के चलते साल भर बाद भी सड़क निर्माण का काम शुरू नहीं हो सका है। वहीं सड़क के निर्माण में हो रहीं देरी को लेकर जब प्रधानमंत्री ग्रामीण जनमन सड़क के जीएम केतन शाक्य से फोन पर जानकारी लेना चाहा तो दो बार कॉल करने के बाद भी उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

केंद्रीय मंत्री के पत्र और आश्वासनों का भी नहीं हुआ असर: ग्राम पंचायत खागल दुधराई के सरपंच बलवीर सिंह यादव ने बताया कि उन्होंने इस गंभीर समस्या से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को भी पत्र के माध्यम से अवगत कराया था।

### बारिश में टापू बन जाता है गांव

भौगोलिक रूप से कटाखेड़ा गांव दोनों ओर से नदियों और पहाड़ों से घिरा हुआ है। बारिश का मौसम आते ही वेलन नदी और बड़ा नाला उफान पर आ जाते हैं, जिससे इस आदिवासी गांव का बाहरी दुनिया से संपर्क पूरी तरह कट जाता है। आपातकालीन स्थिति में बीमार व्यक्तियों और प्रसूताओं को खटिया पर लिटाकर उफनते नदी-नालों के बीच से जान जोखिम में डालकर पैदल सेहराई तक ले जाना पड़ता है।

## खामेनेई की अंतिम विदाई में शामिल नहीं होंगे मोजतबा

**तेहरान, 2 जुलाई.** ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई के अंतिम संस्कार को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया है. उनके पुत्र और वर्तमान सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई अंतिम संस्कार के कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे. भारत में मौजूद उनके प्रतिनिधि अयातुल्लाह हकीम इलाही ने बताया कि यह निर्णय पूरी तरह सुरक्षा कारणों से लिया गया है. उनके अनुसार, अमेरिका के साथ शांति समझौता होने के बावजूद दोनों देशों के बीच अविश्वास कायम है, जबकि इजरायल के साथ भी तनाव पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है. युद्ध के दौरान मोजतबा खामेनेई गंभीर रूप से घायल हो गए थे और तब से अब तक सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आए हैं.

# अनियंत्रित होकर पलटी बस, 25 यात्री घायल

### बेकाबू होकर खंबे से टकराकर पलटी बस, दो यात्री गंभीर घायल

नवभारत न्यूज

**आष्टा/ जावर 2 जुलाई. जावर से कजलास की ओर जा रही निजी यात्री बस क्रमांक एमपी 70 जेडसी 0531 शुक्रवार को कजलास के समीप अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के खंभे से टकराते हुए पलट गई. हादसा पाटीदार पेट्रोल पंप एवं बिजली ग्रिड के पास हुआ, जहां समय रहते स्थिति पर नियंत्रण पा लेने से एक और बड़ी दुर्घटना टल गई.**

दुर्घटना में लगभग 25 यात्री घायल हुए, जिनमें दो महिलाओं को गंभीर चोटें आने पर सिविल अस्पताल रेफर किया गया, जबकि अन्य घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस पगारिया-आष्टा मार्ग से होकर पीपलरावा की ओर जा रही थी. कजलास के पास अचानक चालक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे बस बिजली के खंभे से टकराकर पलट गई. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और यात्रियों में चीख-पुकार सुनाई देने लगी. आसपास मौजूद ग्रामीण और राहगीर तत्काल सहायता के लिए दौड़े तथा बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालने का कार्य शुरू किया.

# नागरिकों को गुलाम बनाया जा रहा : बॉम्बे हाई कोर्ट



**मुंबई, 2 जुलाई। बॉम्बे हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति माधव जामदार ने गुरुवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान सरकार और पुलिस की कार्रवाई पर कड़ी टिप्पणी की.**

यह मामला सोशलिस्ट डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के महासचिव सईद अहमद अब्दुल वाहिद चौधरी द्वारा दायर याचिका से जुड़ा है। याचिका में मुंबई पुलिस के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसके तहत उन्हें क्षेत्र से निष्कासित किया गया था। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जामदार ने कहा कि सरकार के फैसलों का विरोध करना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। उन्होंने यह भी टिप्पणी की कि यदि नागरिक विरोध प्रदर्शन करते हैं तो उनके खिलाफ मामले दर्ज कर दिए जाते हैं। अदालत ने कहा कि केवल इस आधार पर कि कोई व्यक्ति केंद्र सरकार के कुछ फैसलों का विरोध कर रहा है या नारेबाजी कर रहा है, उसे किसी क्षेत्र से निष्कासित नहीं किया जा सकता.

### एक नजर में

#### अमरनाथ यात्रा पर रवाना हुए जत्थे का स्वागत

**आष्टा.** अमरनाथ यात्रा के दर्शन व पूजन के लिए राहुल सुराणा, मोहित कासलीवाल, रोमी खण्डेलवाल, अंकित जैन, मोक्ष जैन, चंदनबाला बोहरा, महिमा सुराणा, खुशी कासलीवाल, वैशाली खण्डेलवाल का जत्था गुरुवार को रवाना हुआ. तीर्थयात्रियों का स्वागत अभिषेक सुराणा, वीरेन्द्र परमार एडवोकेट, बुरहान सैफी, मृगांक गुप्ता, उषा रानी सुराणा, सचिन जैन आदि ने किया और उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी.

#### सरपंच संघ ने स्कूल में किया पौधारोपण

**बैतूल।** शासकीय माध्यमिक शाला मालवर में सरपंच संघ घोड़ाडोंगरी द्वारा संघ की अध्यक्ष श्रीमती सहनवती कवड़े के जन्मदिन पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा श्रीमती सहनवती कवड़े को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान शासकीय माध्यमिक शाला मालवर परिसर में आम और जाम के पौधे रोपे गए, ताकि आने वाले समय में विद्यालय परिसर हरियाली से आच्छादित हो और विद्यार्थियों के बीच पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश पहुंचे। इस अवसर पर सरपंच संघ घोड़ाडोंगरी के पदाधिकारियों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया। जन्मदिन समारोह को औपचारिकता तक सीमित न रखते हुए उसे सामाजिक दायित्व से जोड़ने की इस पहल की उपस्थित लोगों ने सराहना की। सभी ने अध्यक्ष श्रीमती सहनवती कवड़े को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं सफल जीवन की कामना की तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

#### महिला पर गिरी आकाशीय बिजली

**ब्यावरा 02 जुलाई, का .** जीरापुर के समीप बांसखेड़ी गांव में भैंस चराने गई एक महिला आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई . हादसे में 50 वर्षीय सज्जन बाई गुर्जर गंभीर रूप से झुलस गईं . घटना के बाद परिजन उन्हें तत्काल सिविल अस्पताल जीरापुर लेकर पहुंचे . यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए रेफर कर दिया . बताया जा रहा है कि सज्जन बाई खेत में पशु चरा रही थीं, तभी अचानक आकाशीय बिजली गिर गई .

#### तेज बारिश में हाईवे पर पानी भराया

**पचोर 02 जुलाई, सं .** मानसून की पहली जोरदार बरसात के चलते नगर के प्रमुख मार्ग एवं कॉलोनी में नालियों में पानी भराव से घरों में पानी घुस गया . हर व्यक्ति पानी निकासी की व्यवस्था में जुट गया . नगर के प्रमुख प्रेस कॉलोनी वार्ड नंबर 15 शिव धाम कॉलोनी वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 करोडिया कॉलोनी बजरंग कॉलोनी वार्ड नंबर 6 में हालत काफी खराब दिखाई दिए . शिव धाम कॉलोनी शनि कॉलोनी का पानी पुराना नाला अवरोध करने से इन कॉलोनी का पानी सर्विस रोड पर जैन होटल एवं अंगठी होटल सामने सर्विस रोड पर 4 फीट से लेकर 5 फिट तक जमा हो गया जिससे आवागमन में नागरिकों को काफी असुविधा हुई वही दुकानों में भी पानी घुस गया .

#### करंट लगने से गाय की मौत

**सारंगपुर 02 जुलाई, सं .** विद्युत मंडल द्वारा बारिश के पूर्व मेंटेनेंस के नाम पर कटौती की जाती है और बिजली के तारों को सुधार किया जाता हैं . बारिश के मौसम में विद्युत पोल पर करंट फैलने की घटनाओं के बावजूद सुधार नहीं है . ताजा मामला बागकुंआ टंकी के वार्ड 15 में गुरुवार को एक विद्युत पोल में बारिश के दौरान करंट फैल गया . जिससे गाय की मौत हो गई . विद्युत पोल के पास जल स्रोत के रूप में हैण्डपंप भी लगा हुआ है . जहां पर बड़ी संख्या में आमजन पानी भरते हैं अगर वहां पर कोई मौजूद रहता तो बड़ी घटना हो सकती थी .

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से भेंट

नवभारत न्यूज

**सागर 2 जुलाई. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के प्रदेशाध्यक्ष के रूप में प्रथम वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट रिशांक तिवारी ने भेंट कर शुभकामनाएँ प्रेषित कीं.**

इस दौरान श्रीतिवारी ने कहा कि पिछले एक वर्ष में श्री खंडेलवाल के नेतृत्व में प्रदेश संगठन की कार्यशैली को नई दिशा मिली है. इसके साथ ही कार्यकर्ताओं से निरंतर संवाद, प्रदेशभर में नियमित प्रवास और संगठनात्मक अनुशासन को प्राथमिकता देने से संगठन पहले की अपेक्षा अधिक सक्रिय और समन्वित हुआ है. श्री तिवारी ने बताया कि श्री खंडेलवाल के नेतृत्व में सदस्यता अभियान, संगठन पर्व, प्रशिक्षण वर्ग और बूथ सशक्तिकरण जैसे संगठनात्मक अभियानों को नई गति मिली. श्री तिवार ने बताया कि संभाग, जिला और मंडल स्तर पर आयोजित बैठकों में संगठन की गतिविधियों की नियमित समीक्षा हुई, वहीं कार्यकर्ताओं के सुझावों को भी गंभीरता से सुना गया.

# गुना में आवारा मवेशियों का भारी आतंक

नवभारत न्यूज

**गुना 2 जुलाई का। जिले में खरीफ फसलों की बोवनी पूरी होने और खेतों से अंकुर फूटते ही अन्नदाता की चिंताएं एक बार फिर चरम पर पहुंच गई हैं। इस समय ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा गाय और बैलों का भारी आतंक देखा जा रहा है, जो खेतों में घुसकर हरी-भरी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं।**

दिन-रात मेहनत कर फसलों को सींचने वाले किसानों के सामने अब अपनी गाढ़ी कमाई को बचाने का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। इस समस्या के चलते अब ग्रामीण रातों-रात इन आवारा मवेशियों को गाड़ियों में भरकर या पैदल हांकते हुए शहरों और जंगलों की ओर छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं, जिससे शहरी क्षेत्रों में भी दुर्घटनाओं का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है।

> यह पूरी स्थिति साफ बताती है कि आवारा मवेशियों की समस्या अब ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों के लिए एक बड़ा नासूर बनती जा रही है। जहां एक ओर ग्रामीण अंचल के किसान अपनी खून-पसीने की फसल बचाने के लिए रात भर जागकर पहरेदारी कर रहे हैं और मवेशियों को बाहर खदेड़ने पर मजबूर हैं, वहीं दूसरी ओर रातों-रात शहर में छोड़े जा रहे ये मवेशी नगरीय क्षेत्रों में सड़क हादसों और करंट जैसी घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। गुना के प्रबुद्ध नागरिकों और समाजसेवियों ने जिला प्रशासन और नगर पालिका से मांग की है कि सड़कों पर घूम रहे इन मवेशियों को सुरक्षित ढंग से गौशालाओं में भिजवाया जाए और इस गंभीर समस्या का कोई स्थायी और ठोस समाधान खोजा जाए।

ऐसा ही एक गंभीर मामला बुधवार, 1 जुलाई की रात को सामने आया। जानकारी के मुताबिक बुधवार रात करीब साढ़े ग्यारह बजे बजरंगगढ़ क्षेत्र के ग्राम कानोन के कुछ किसान 25 से 30 आवारा मवेशियों को पैदल हांकते हुए गुना शहर की ओर ला रहे थे। इतनी बड़ी संख्या में मवेशियों को शहर की ओर बढ़ता देख गुना के स्थानीय गौसेवक सक्रिय हो गए और उन्होंने हनुमान चौराहे के आगे किसानों को रोककर पूछताछ की।

**पलटवार**

**आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक ने प्रेसवार्ता में केंद्र पर साधा निशाना**

# केंद्र सरकार असली गुनहगारों को बचा रही है : केजरीवाल

**नई दिल्ली, 2 जुलाई. भगवान श्रीराम के मंदिर में चंदा चोरी मामले को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर सीधा निशाना साधा है.**

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्रभु श्रीराम के मंदिर में चंदा चोरी के असली गुनहगारों को बचा रहे हैं? क्योंकि केंद्र सरकार ने खुद ट्रस्ट बनाया, एक-एक व्यक्ति को खुद चुना और अपने खास चंपत राय को मंदिर का सर्वेसर्वा भी बनाया. ऐसे में क्या देश के लोगों को भरोसा है कि केंद्र सरकार असली चोरों को सजा दिलवा पाएंगे? क्योंकि पूरा घटनाक्रम तो यही दिखाता है कि केंद्र सरकार मामले को रफ़ा-दफ़ा करने और दोषियों को बचाने में लगी हुई है.

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि श्रीराम मंदिर की जमीन खरीद, निर्माण और चढ़ावा में इतने बड़े-बड़े घोटाले हो गए, केंद्र सरकार को पता कैसे नहीं चला? सच तो ये है कि उनको सब पता था, लेकिन वह धृतराष्ट्र बने रहे. जब देश के सामने सच आने लगा तो लोगों की आंखों में धूल झोंकने के लिए फर्जी एसआईटी बना दी. उन्होंने कहा कि जब हमारे सांसद संजय सिंह जमीन घोटाले के सबूत दिए, तब एसआईटी ने कहा कि वह जमीन घोटाले की जांच नहीं कर रही है. आखिर एसआईटी क्या कर रही है? पहले भी एसआईटी बनी, कुछ नहीं हुआ, इस बार भी एसआईटी बनी है, कुछ नहीं होगा. गुरुवार को 'आप' के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज के साथ पार्टी मुख्यालय पर प्रेसवार्ता कर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि श्रीराम मंदिर में चढ़ावे की चोरी हुई है, अब यह सब लोग मान रहे हैं. पर क्या असली दोषियों को, जो बड़े-बड़े प्रभावशाली और ताकतवर लोग इसमें शामिल हैं, उनको सजा मिल पाएगी? उनकी गिरफ्तारियां होंग? क्या उनके खिलाफ एक्शन होगा? हर जगह खूब हल्ला मचाया गया है कि केंद्र सरकार हैं, केंद्र सरकार किसी को छोड़ेंगे नहीं, केंद्र सरकार किसी को बख्शेंगे नहीं.

### केजरीवाल ने केंद्र से मांगा जबाव

केजरीवाल ने कहा कि केंद्र सरकार ने खुद पर्सनली एक ट्रस्ट बनाया. इस ट्रस्ट के अंदर का एक-एक व्यक्ति केंद्र सरकार ने खुद चुना है. इस ट्रस्ट में केंद्र सरकार के अपने लोग हैं. चंपत राय केंद्र सरकार के बहुत खास माने जाते हैं. केंद्र सरकार ने चंपत राय को श्रीराम मंदिर का जनरल सेक्रेटरी और सर्वेसर्वा बनाया. चंपत राय उनके अपने आदमी माने जाते हैं. 2021 में वहां जमीनों के खूब घोटाले हुए. एक पाठक परिवार ने 2 करोड़ की जमीन इनकी पार्टी के एक व्यक्ति को बेची और 10 मिनट के अंदर उस व्यक्ति ने वही जमीन 18 करोड़ रुपए में मंदिर ट्रस्ट को बेच दी. 10 मिनट के अंदर 2 करोड़ की जमीन 18 करोड़ की हो गई. क्या केंद्र को इसका पता नहीं चला?

## युवक का शव मिलने से सनसनी

**गुना।** मृगवास थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बांसाहेड़ा इलाके में बीती देर शाम एक युवक का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग बड़ी संख्या में घटना स्थल पर जमा हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस को सूचित किया गया। मौके पर पहुंची मृगवास थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शिनाख्त की कार्रवाई शुरू की। मृतक की पहचान नैनकराम उर्फ आजाद, पुत्र नंदलाल गुर्जर के रूप में हुई है। पुलिस ने तत्काल मृतक के परिजनों को इस दुखद घटना की सूचना दी, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं।